लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/79/2017 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 13.10.2017

श्री श्याम लाल पिता जगन्नाथ गील भूतपूर्व सुबेदार मेजर, निवासी चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 07.11.2017

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 11.09.2017 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 79/2017/(13.10)/781 दिनांक 13.10.2017 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 07.11.2017 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 07.11.2017 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाकर आधी–अधूरी सूचना दी है अतः वांछित पूर्ण सूचना उपलब्ध कराई जावे।

प्रकरण संख्या 79 / 2017 (सू.अ.)
श्री श्याम लाल गील निवासी निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किये।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील, जवाब एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपीलार्थी को ड़ाक द्वारा प्रेषित सूचना का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 11.09.2017 से ग्राम खेरी चारणान के नवीन आराजी नम्बर 594, 595, 560, 562, 563, 564, 565, 592, 593, 596, 541, 542, 629/544 की जमाबन्दी मय नक्शा ट्रेस व अन्य बिन्दुओं पर सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई है जबकि उसे तहसीलदार चित्तौड़गढ़ द्वारा पत्रांक/सू.अधि. /2017/32 दिनांक 03.11.2017 से मात्र जमाबन्दी की प्रतियां उपलब्ध कराई गई है। अतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ को अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना 15 दिवस में निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./79/2017(सू.अ.)/ दिनांकः– / /2017

प्रतिलिपिः–
1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, चित्तौड़गढ़
3. श्री श्याम लाल पिता जगन्नाथ गील भूतपूर्व सुबेदार मेजर, निवासी लक्ष्मीनाथ मन्दिर के पास, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)